





# जिले में दी जा रहीं दबिश, हो रहीं कार्यवाहियां, चल रहे निरीक्षण

## प्रशासनिक कसावट लाने हो रहे प्रयास

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 6 दिसम्बर, जिला मुख्यालय सहित जिले भर में पिछले कई दिनों से प्रशासनिक कसावट के अभाव में कई घटनायें देखने को मिलीं जिसको देखते हुये कलेक्टर द्वारा जिले में प्रशासनिक कसावट लाने के लिये नये दिशा निर्देश जारी किये गये हैं. जिले में बिक रही अवैध मदिरा पर अंकुश लगाने के लिये अब पिछले कुछ दिनों से आवकारी अमला कार्यवाही कर रहा है वहीं कुछ अनिमतिताओं को देखते हुये तीन मेडीकल स्टोरों के भी लायसेंस निलंबित किये गये हैं.**



इसी तरह अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिये संचालक व कलेक्टर ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिये. इसी तरह सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा की जा रही आपत्तिजनक पोस्टों पर भी अंकुश लगाने के लिये नये निर्देश जारी कर दिये हैं. कुल मिलाकर जिले में शांति व सुशासन स्थापित करने के लिये कलेक्टर द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे आम जनता को इसका लाभ मिल सके.

### मेडिकल स्टोरों की अनियमितताओं पर कार्रवाई, तीन के लाइसेंस निलंबित

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिलेभर के मेडिकल स्टोरों की नियमित निरीक्षण कार्रवाई लगातार जारी है.

इसी क्रम में औषधि निरीक्षक विदिशा द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण कमियाँ व अनियमितताएँ पाई गई.औषधि निरीक्षक द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोर संचालकों को पाई गई कमियों के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्धारित अवधि में प्राप्त उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए. नियमों के उल्लंघन और अनियमित संचालन पाए जाने पर पाटीदार मेडिकल स्टोर सिरोंज, श्री शुभ मेडिकल बासौदा तथा अरिहंत मेडिको विदिशा की औषधि अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से सात दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है ।जिले में औषधि विक्रय व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने और जनता को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्रवाई औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के प्रावधानों के तहत की गई है.प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन न करने वाले किसी भी मेडिकल स्टोर पर इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी.

### आबकारी ने 8 स्थानों पर दी दबिश, अवैध मदिरा जप्त, 6 प्रकरण दर्ज

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के पालन में शनिवार को आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा पर बड़ी कार्रवाई की गई.जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक के निर्देशन तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजीव थापक एवं श्रीमती साधना पटेल के नेतृत्व में वृत्त विदिशा 'ब' में संयुक्त दबिश अभियान चलाया गया.अभियान के अंतर्गत शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम रामपुर थाना बूढ़ाखेड़ा पेगआई के टपरे,सांगुल के टपरे,अजीत पिपरिया सहित कुल 8 स्थानों पर तलाशी एवं छापामार कार्रवाई की गई.जिला आबकारी अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि अवैध मदिरा निर्माण एवं परिवहन से जुड़े 6 प्रकरण दर्ज किए गए.आरोपियों के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 1100 किलोग्राम महुआ लाहान जप्त किया गया. जप्तशुदा सामग्री एवं उपकरणों की कुल अनुमानित कीमत लगभग एक लाख 15 हजार रुपए आँकी गई.समस्त सामग्री को आबकारी अमले द्वारा कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई.जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम हेतु ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी.

### अस्पताल प्रशासन के संचालक ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

अस्पताल प्रशासन के संचालक मयंक अग्रवाल एवं कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय विदिशा का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज, सिविल सर्जन सहित अन्य चिकित्सक व अधिकारी मौजूद रहे.संचालक श्री अग्रवाल ने अस्पताल के सभी प्रमुख विभागों आपातकालीन कक्ष, प्रसूति वार्ड, ओपीडी, वार्डों, औषधि भंडार, लैब एवं डायग्नोस्टिक यूनिट का विस्तृत निरीक्षण किया.उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, साफदृसफाई, दवा उपलब्धता, मशीनों की कार्यस्थिति तथा स्टाफ की उपस्थिति की बारीकी से जांच की.

### आपत्तिजनक पोस्ट, फॉरवर्डिंग, कमेंट क्रॉस कमेंट या लाइक करने की गतिविधियां प्रतिबंधित

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट अथवा उद्वेलित करने वाली फोटो चित्र, मैसेज, साम्प्रदायिक मैसेज आदि को पोस्ट करने पर, उनकी फॉरवर्डिंग करने उन पर कमेंट क्रॉस कमेंट या लाइक करने की गतिविधियों को तत्काल प्रतिबंधित करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये लोक प्रशांति बनाये रखने एवं मानव जीवन तथा आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया हैं.

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से उतनी वैमनस्यता का संचार नहीं होता है जितना कि उस पर आये कमेन्टस् एवं क्रॉस कमेन्टस् के कारण होता है.इंटरनेट पर एक प्रकार की वैमनस्यता की अभिव्यक्ति ऐसे पोस्ट के माध्यम से होती है जिस पर हर कोई बिना विचार किये एवं बिना किसी दायित्व के द्वेषपूर्ण एवं अश्लील शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक भावनाओं को आहत करता है.इस प्रकार के इंटरनेट सोशल मीडिया वार्स अभी भी सक्रिय है, जिनसें लोक व्यवस्था एवं सामाजिक शांति भंग हो सकती है.



## जागरुकता अभियान के समय विधायक ने किया छात्रावास का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, शनिवार को वार्ड क्रमांक 21 में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड का भ्रमण कर लोगों से बातचीत कर एसआईआर फार्म के बारे में जानकारी दी और कहा कि गणना पत्रक के साथ कोई अलग से दस्तावेज नहीं लगाना है सिर्फ नवीन फोटो चिपका कर केवल फॉर्म भर कर बीएलओ को या आंगनबाड़ी केंद्र में जमा करना है.**

**बाद में जब जिनके नए नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म न. 6 भरा जाएगा दस्तावेज केवल उन्हीं को देना है.**

गणना पत्रक में कोई कागज नहीं लगाना है. जागरूकता अभियान के दौरान विधायक मुकेश टंडन और नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने अनुचित जाति जूनियर बालक छात्रावास लुहांगी विदिशा का औचक निरीक्षण किया जिसमें छात्रावास की व्यवस्थाओं और मिलने वाली सुविधाओं को देखा एवं रजिस्टर चेक किए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया.

## शिव सेना को याद आया नपा में हुआ है भ्रष्टाचार

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** करीब 1 साल से नगर पालिका में चल रही खींच तान और उठा पटक के बाद शिवसेना को अचानक से याद आया कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार हो रहा है और इसी भ्रष्टाचार का हवाला देते हुये राज्यपाल से सीबीआई से जांच कराने की मांग की है.शिवसेना यूबीटी ने ज्ञापन में कहा कि नगर पालिका में अधिकारियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार किया जा रहा है.निर्माण कार्य, स्वच्छता अभियान सहित अन्य कामों के लिये राशि मंजूर हुयी है.जिसमें कमीशन खोरी की जा रही है.




## वरिष्ठ पत्रकार अशोक मनोरिया को प्रेस क्लब में दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय श्री अशोक मनोरिया के निधन पर शनिवार को विदिशा प्रेस क्लब संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. इस अवसर पर जिले के पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके साथ जुड़ी स्मृतियों को साझा किया.**

वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय अशोक मनोरिया सकारात्मक, स्वच्छ एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रतीक थे. उन्होंने अपने संपूर्ण पत्रकारिता जीवन में ईमानदारी और निर्भीकता के साथ कार्य करते हुए समाज में विशिष्ट पहचान बनाई.स्वर्गीय मनोरिया पत्रकारिता के साथ-साथ रेड क्रॉस सोसाइटी, रोटरी क्लब, रोगी कल्याण समिति, जिला उद्योग संघ, पुरातत्व समिति, जिला क्रिकेट संघ, दिगंबर जैन समाज सहित अनेक सामाजिक एवं सेवा संगठनों से जुड़े रहकर उल्लेखनीय योगदान देते रहे.श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार अरूण त्रिवेदी, अशोक श्रीवास्तव, आर.के. वासुदेव, अतुल शाह, विनोद शाह, ऋषभ जैन, राजेश जैन, बी.डी. अहिरवार, प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन तिवारी, शकील अहमद, शाहिद अहमद, अमित श्रीवास्तव, अनिल तिवारी, राजेश जैन, उदय सिंह राठौर, शैलेंद्र राठौर, कौमल सेन, कमल रैकवार, दीपक नामदेव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे.

